लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – प्रकाश चन्द्र शर्मा, IAS.

प्रकरण संख्या : 11 / 2022
GCMS NO. : 2022 / 45

प्रार्थी / अपीलार्थी :–

श्री डायालाल मेवाडा पिता श्री धुलजी मेवाडा हाल निवासी ई–24, सत्यम नगर, शे हाउस, एन.आर. जनता नगर, शाहवाडी, नॉरोल, अहमदाबाद (गुजरात) 382405

बनाम

अप्रार्थी / रेसपोण्डेंट्स:–

तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) घाटोल

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 30–06–2022

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) घाटोल से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक 31.01.2022 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) घाटोल द्वारा पूर्ण सूचना उपलब्ध नही कराने पर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय से नोटिस दिनांक 10.06.2022 जारी किया गया एवं अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भी नियत तिथी को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया।

दिनांक 22.06.2022 को अपीलार्थी सुनवाई के दौरान उपस्थित रहे। प्रश्नगत प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने पर पाया कि प्रार्थना पत्र के बिन्दु सं. ब, स, द से वांछित सूचना उप पंजीयक घाटोल से सम्बन्धित है, उप पंजीयक घाटोल के प्रथम अपील अधिकारी उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग बॉसवाडा होने से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष नियमानुसार अपील प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित जारी किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2022.10.17 10:03:38 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
बांसवाड़ा (राज.)

दिनांक 30.06.2022 को भी अपीलार्थी अनुपस्थित रहे। प्रत्यर्थी ने पत्रांक 101 दिनांक 29.06.2022 लग्न अपीलार्थी को प्रेषित की गई सूचना एवं पत्राचार की प्रतियां पेश कर अवगत कराया कि अपीलार्थी के नगत प्रार्थना पत्र दिनांक 31.01.2022 से वांछित सूचना कार्यालय के पत्र क्रमांक 72–73 दिनांक 21.06.2022 रा रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जा चुकी है तथा ट्रेक कन्साईन्मेंट अनुसार प्रार्थी को डाक प्राप्त हो चुकी है। पील अपीलांट निरस्त फरमावे।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील, उनके प्रार्थना पत्र दिनांक 18.04.2022 तथा तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) घाटोल के पत्रांक 101 दिनांक 29.06.2022 संलग्न अपीलार्थी को प्रेषित की गई सूचना एवं त्राचार की प्रतियों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। अपीलार्थी द्वारा 4 बिन्दुओ पर चाही सूचना के सन्दर्भ में तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) घाटोल ने उनके पत्रांक 72–73 दिनांक 21.06.2022 से अपीलार्थी को बिन्दु सं. अ. तथा य. में सूचना से अवगत करा दिया है, बिन्दु संख्या ब, स, द से वांछित सूचना उप पंजीयक घाटोल से सम्बन्धित है, उप पंजीयक घाटोल के प्रथम अपील अधिकारी उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग बॉसवाडा होने से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष नियमानुसार अपील प्रस्तुत करने अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 464 दिनांक 22.06.2022 से सूचित किया जा चुका है। अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नही रहने से अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भेजी जावे।

निर्णय आज दिनांक 30.06.2022 को खुल न्यायालय में सुनाया गया।

(प्रकाश चन्द्र शर्मा) I.A.S.
जिला कलक्टर बांसवाड़ा (राज.)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बॉसवाडा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Prakash Chandra Sharma
Date: 2022.10.17 10:03:38 IST
Reason: SelfAttested